IS 15700 : 2005

सेवोत्तम प्रमाणित

# उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद

**104, महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ–226 001**

**Website : http:\\www.upavp.in, E-mail : info@upavp.com**

भारतीय मानक ब्यूरो IS 15700

## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत परिषद की लोहरामऊ मार्ग भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना, सुल्तानपुर में दुर्बल आय वर्ग (G+3) भवनों का पात्रता–चयन/नम्बरिंग ड्रा हेतु सूचना

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत परिषद की लोहरामऊ मार्ग भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना, सुल्तानपुर में परिषद द्वारा दुर्बल आय वर्ग (G+3) प्रकार के भवनों हेतु दिनांक 20.03.2018 से दिनांक 05.05.2018 तक पंजीकरण खोला गया था, जिसमें 115 नग आवेदकों में से डूडा सुल्तानपुर द्वारा 97 नग चयनित वैध आवेदकों की हस्ताक्षरित प्राप्त सूची के अनुसार निर्माणाधीन 96 नग भवनों हेतु वैध 97 नग आवेदकों के मध्य नम्बरिंग ड्रा अपरिहार्य कारणों से पूर्व निर्धारित दिनांक 01.01.2019 के स्थान पर दिनांक **16.01.2019 पूर्वान्ह 11.00** बजे से समाप्ति तक शासनादेश/ परिषद आदेश के अनुसार स्थल कार्यालय लोहरामऊ मार्ग भूमि एवं गृहस्थान योजना (राहुल तिराहा से लोहरामऊ मार्ग) सुल्तानपुर में किया जाना प्रस्तावित है। आवेदकों की संख्या घट–बढ़ सकती है, आवेदक उक्त तिथि, समय व स्थल पर पात्रता–चयन/नम्बरिंग ड्रा में भाग ले सकते हैं।

**नोट:-**वैध/अवैध आवेदकों की चयनित सूची परिषद की वेबसाइट **www.upavp.in** पर देखी जा सकती है। वरीयतानीति के अन्तर्गत क्रमशः दिव्यांगजन/विधवा/एकल महिला/उभयलिंगी एवं वरिष्ठ नागरिक अपना वैध प्रपत्र **दिनांक 08.01.2019** तक **परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), सुल्तानपुर** को दे सकते हैं। पात्रता–चयन/ नम्बरिंग ड्रा की तिथि पर पात्र/अपात्र की सूची ड्रा स्थल के नोटिस बोर्ड पर भी प्रातः 10.00 बजे से उपलब्ध रहेगी।

**आवास आयुक्त**